NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 104/NCRES/20

Date :26.5.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– सहायक मण्डल अभियन्ता (ईंजी.) समूह 'ख' के रिक्तियों को भरने के लिये करायी गई परीक्षा का परिणाम घोषित करना।

महोदय,

अवगत कराना है कि सहायक मण्डल अभियन्ता (ईंजी.) समूह 'ख' के रिक्तियो को भरने के लिये 70% (LGS) के तहत दिनांक 1.5.2019 को लिखित परीक्षा कराया गया, इसके बाद सप्लीमेन्ट्री परीक्षा कराकर उसका परिणाम दिनांक 4.7.2019 को घोषित कर, साक्षात्कार के लिये दिनांक 16.9.2019 की तिथि निश्चित किया गया लेकिन कोर्ट के आदेश से साक्षात्कार नही हो पाया। यह भी अवगत कराना है कि कोर्ट के आदेश पर पुनः दिनांक 13.3.2020 को द्वितीय सप्लीमेन्ट्री परीक्षा कराया गया लेकिन उसका परिणाम अभी तक घोषित नही हो पाया है।

इस तथ्य पर गौर किया जाना चाहिये कि ADEN के पद पर प्रमोशन के लिये कराये गये दिनांक 1.5.2019 के परीक्षा में पास तीन कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके है और जुलाई 2020 में एक और कर्मचारी सेवानिवृत हो जायेगे।

NCRES का अनुरोध है कि दिनांक 13.3.2020 को कराये गये द्वितीय सप्लीमेन्ट्री परीक्षा का परिणाम घोषित कर, साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा के लिये नजदीक की कोई तिथि निश्चित कर प्रयास किया जाय कि सहायक मण्डल अभियन्ता (ईंजी) समूह 'ख' के 70% कोटे की चयन प्रकिया का अन्तिम परिणाम 30.6.2020 तक घोषित कर दिया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री